प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 16.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. इडी के अधिकारियों पर दर्ज प्राथमिकी के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में आज होगी सुनवाई, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा–झारखंड को बंगाल बनाने की हो रही है कोशिश।
2. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में बजट पूर्व गोष्ठी का आज दूसरा और आखिरी दिन, विशेषज्ञों के सुझावों से बजट को अधिक जनोन्मुखी और रोजगारपरक बनाने का लक्ष्य।
3. जमशेदपुर में आज से दो दिवसीय एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव का आयोजन, स्थानीय उद्यमियों को देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र से जोड़ना मकसद।
4. रांची समेत राज्य के 13 जिलों में आज भी शीतलहर चलने की चेतावनी, मौसम विभाग ने 18 जनवरी से ठंड से थोड़ी राहत मिलने की जतायी उम्मीद।
5. पुरुष हॉकी इंडिया लीग में जेएसडब्लू सूरमा हॉकी क्लब ने दर्ज की पहली जीत, एचआइएल जीसी को 3–1 से हराया, लीक के रांची चरण का आज होगा समापन।

*****************

केन्द्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय–इडी के अधिकारियों के खिलाफ झारखंड पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी को चुनौती देने वाली याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई होनी है। झारखंड पुलिस ने एक कथित शिकायत के आधार पर रांची स्थित ईडी कार्यालय के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। ईडी ने इस प्राथमिकी को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग और जांच में बाधा डालने की कोशिश बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की है।

*****************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में प्रवर्तन निदेशालय–इडी कार्यालय के घेराव और झारखंड पुलिस की कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई है। श्री सेठ ने इस प्रकरण को काला अध्याय बताते हुए आरोप लगाया कि झारखंड पुलिस की इस कार्रवाई से संवैधानिक ढांचा कमजोर हो रहा है और राज्य को बंगाल बनाने की कोशिश की जा रही है।

*****************

रांची में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में अबुआ दिशोम बजट 2026–27 के लिए बजट पूर्व गोष्ठी का आज दूसरा और आखिरी दिन है। पहले दिन कल राज्य के रजत जयंती वर्ष पर केंद्रित इस मंथन में इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, सिंचाई और हरित विकास पर चर्चा हुई। बैठक के बाद वित्त मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विशेषज्ञों के सुझावों से बजट को अधिक जनोन्मुखी और रोजगारपरक बनाने का लक्ष्य है।

*****************

खूंटी में भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने प्रेस वार्ता में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए मनरेगा में सुधार कर राशि चार गुना बढ़ाई गई है। अब 100 के बजाय 125 दिन रोजगार, जियो–टैगिंग, समय पर भुगतान और देरी होने पर मुआवजे का प्रावधान है।

*****************

राज्य के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलावार झंडोत्तोलन करने वाले मंत्रियों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री दुमका में और राज्यपाल रांची में झंडोत्तोलन करेंगे। मंत्रियों में राधाकृष्ण किशोर डालटनगंज में, दीपक बिरुआ चाईबासा में, चमरा लिंडा गुमला में, संजय प्रसाद यादव पाकुड़ में, इरफान अंसारी जामताड़ा में, हफीजुल हसन देवघर में, दीपिका पांडेय सिंह गोड्डा में, योगेंद्र प्रसाद बोकारो में, सुदिव्य कुमार गिरिडीह में और शिल्पी नेहा तिर्की लोहरदगा में झंडोत्तोलन करेंगी।

*****************

जमशेदपुर के आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में आज से दो दिवसीय एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। इसका उदेश्य स्थानीय एमएसएमई को रक्षा उत्पादन के पारिस्थितिकी तंत्र से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त बनाना है।

*****************

सिमडेगा के भट्ठीटोली में उपायुक्त कंचन सिंह ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर ऊर्जा सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों तक सस्ती बिजली पहुंचाना है।

*****************

कोयलांचल की दो बाल वैज्ञानिकों स्वरा एस राव और आव्या साहू ने वायु प्रदूषण को पहचानने के लिए एक अनोखा बायोसिग्नल पेंट तैयार किया है। यह पेंट हवा में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ने पर बैंगनी से हरा हो जाता है। प्रदूषण कम होने पर यह पुनः बैंगनी रंग में बदल जाता है। छात्राओं ने बताया कि यह इको–फ्रेंडली पेंट बिना किसी मशीन के आम लोगों को उनके आसपास की हवा की गुणवत्ता बताने में सक्षम है।

*****************

हजारीबाग में पदमा गेट के पास सड़क दुर्घटना में जैप–7 के सब–इंस्पेक्टर अनिल पासवान की मौत हो गई। वे मुख्यालय में पुलिस सभा से लौट रहे थे, तभी एक दोपहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग भी घायल हुए हैं। विभाग ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

*****************

कोडरमा पुलिस ने गझंडी के अंबाकोला जंगल में छापेमारी कर 3 एकड़ भूमि में लगी अफीम की फसल नष्ट की। एसपी अनुदीप सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में एक आरोपी बुधलाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने प्रेस वार्ता में बताया कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

*****************

रांची समेत राज्यभर में ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज भी 13 जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान में 18 जनवरी से कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है।

*****************

रांची में चल रही पुरुष हॉकी इंडिया लीग में कल खेले गये मैच में जेएसडब्लू सूरमा हॉकी क्लब एचआईएल जीसी को 3–1 से हराकर पहली जीत दर्ज की। इस मैच में जेएसडब्लू के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए, जबकि गुरजंत सिंह ने एक गोल दागा। एचआईएल जीसी की ओर से एकमात्र गोल केन रसेल ने किया। आज रांची चरण का अंतिम मैच रांची रॉयल्स और जेएसडब्लू सूरमा हॉकी के बीच खेला जाएगा।

---

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची में इडी कार्यालय में राज्य पुलिस की छापेमारी की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– सेंटर पर पहुंच गये थे, अचानक दो केन्द्रों पर स्थगित कर दी परीक्षा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– जेपीएससी–2 नियुक्ति घोटाले में अब इडी ने मनी लाउंड्रिंग की जांच शुरु की।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– आय से अधिक संपत्ति में सुरेन्द्र को एसीबी ने किया गिरफ्तार।

दैनिक जागरण लिखता है– मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे ज्यूरिख, वर्ल्ड इकोनामिक फोरम में लेंगे भाग।

******************